**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 18.08.2025 (दोपहर–1455 बजे)**

लोकसभा में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री कैप्टन शुभांशु शुक्ला के आगमन पर विशेष चर्चा हुई। इसमें 2047 तक विकसित भारत के लिए अंतरिक्ष कार्यक्रम की महत्वपूर्ण भूमिका पर ध्यान केंद्रित किया गया। अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने चर्चा की शुरुआत की।

***************

इससे पहले लोकसभा में आज व्यापारियों के लिए अहम दिन रहा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने जन विश्वास संशोधन विधेयक 2.0 पेश किया। इस विधेयक को अध्ययन के लिए लोकसभा के प्रवर समिति में भेजने का प्रस्ताव रखा गया था, जिसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। इस बिल में 350 से अधिक संशोधन शामिल हैं, जिनसे छोटे अपराधों में सजा का प्रावधान खत्म किया जाएगा।

***************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज नेमरा से वापस रांची लौटेंगे। अपने पिता शिबू सोरेन के निधन के बाद 5 अगस्त से सीएम रामगढ़ स्थित अपने पैतृक गांव नेमरा में ही हैं। पारंपरिक विधि–विधान से श्राद्ध कर्म  पूरा करने के बाद कल मुख्यमंत्री ने रजरप्पा स्थित दामोदर नदी में दिशोम गुरु की अस्थियां प्रवाहित की। आज रांची लौटने के बाद मुख्यमंत्री के घाटशिला जाने की संभावना है। वह शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना देंगे।

***************

पलामू के तरहसी प्रखंड क्षेत्र के उदयपुरा स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की 40 छात्राएं आज नाश्ते के बाद बीमार पड़ गयी। इनमें से 7 छात्राओं की गंभीर स्थिति को देखते हुए एमएमसीएच मेदिनीनगर में भर्ती कराया गया है। अन्य का इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तरहसी में चल रहा है। सबने पेट दर्द की शिकायत की है। घटना की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में अभिभावक स्कूल पहुंचे और हंगामा किया। छात्राओं की तबीयत बिगड़ने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

***************

कुख्यात अपराधी सरगना गैंगस्टर डब्लू सिंह उर्फ गौतम सिंह ने पलामू पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया है। गौरतलब है कि डब्लू सिंह के खिलाफ 37 मामले दर्ज हैं। वह पिछले सात साल से फरार चल रहा था। एसपी रिष्मा रमेशन ने बताया कि राज्य का यह पहला मामला है जब किसी संगठित अपराधी गिरोह के सरगना ने पुलिस के समक्ष सरेंडर किया है।

***************

कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची–पटना मुख्य मार्ग के एनएच 20 पर स्थित कोडरमा घाटी के नौवां माइल के समीप दो ट्रक की आमने–सामने की टक्कर हो गई। इसमें एक ट्रक का चालक और उपचालक तथा एक अन्य ट्रक का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

***************

बरवाडीह–चिरमिरी रेल लाइन एक महत्वपूर्ण रेल परियोजना है जो झारखंड और छत्तीसगढ़ राज्यों को जोड़ेगी। यह परियोजना 1942 में शुरू हुई थी, लेकिन अभी तक पूरी नहीं हो पाई है।

***************

झारखंड में मौसम ने एक बार फिर करवट ले ली है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के कई जिलों में 20 अगस्त तक गरज और चमक के साथ भारी बारिश की संभावना है। इस दौरान कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश के साथ ही वज्रपात की भी आशंका है।

झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से रांची में राज्य स्तरीय जवाहरलाल नेहरू हॉकी प्रतियोगिता आज से शुरु हो रही है। 20 अगस्त तक आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता के मुकाबले मोरहाबादी स्थित मारांग गोमके जयपाल सिंह हॉकी स्टेडियम और मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका उच्च विद्यालय बरियातू में संपन्न होंगे। इस प्रतियोगिता में अंडर–15 बालक वर्ग की 12 टीमें और अंडर–17 बालक एवं बालिका वर्ग की 18 टीमें भाग ले रही हैं।

*******समाप्त********